# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

E- paper | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 01 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

2 अक्टूबर 2025 गुरुवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २२ | ● पृष्ठ ०१ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## बुरहानी हार्डवेयर गोदाम के पीछे रास्ते पर अतिक्रमण का आरोप

### वार्ड वासियों ने की कार्यवाही की मांग



संवाददाता/ सागवाडा लाईव न्यूज़

नगर के बुरहानी हार्डवेयर गोदाम के पीछे बस्ती व खेतों की ओर जाने वाला वर्षों पुराना रास्ता अतिक्रमण की जद में आने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि के समय पायों की खुदाई कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यह रास्ता लंबे समय से खेतों और बस्ती में आने-जाने का मुख्य मार्ग रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि का एक हिस्सा सार्वजनिक उपयोग के लिए भी आरक्षित है। ऐसे में रास्ते पर निर्माण कार्य करना सीधा अतिक्रमण है। उन्होंने प्रशासन से मौके का मुआयना कर नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब आदिवासियों की जमीन पर अतिक्रमण हटाने की बात आती है तो पूरा पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच जाता है, लेकिन जब किसी आदिवासी की जमीन पर दूसरे लोग कब्जा करते हैं, तो कार्रवाई टाल दी जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान एकलव्य भील सेवा संस्थान के अध्यक्ष महिपाल अहारि, निलेश अहारी पार्षद पति वार्ड 8, अशोक कुमार बामणिया कना भाई, मुकेश अशोक रोहित मांगीलाल सहित कहानी लोग मौजूद थे

## साधु बनकर रेड मारने पहुंची ACB की टीम, ASI ने पेड़ के पत्ते पर लिखकर मांगी रिश्वत; रंगे हाथ पकड़ा



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ भरतपुर-धौलपुर में पिछले 20 दिनों में यह चौथी बड़ी ACB की कार्रवाई है. इससे पहले 11 सितंबर को धौलपुर नगर परिषद में चार अधिकारियों को कुल 3 लाख 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने भरतपुर के भुसावर थाना क्षेत्र में तैनात एएसआई उदय सिंह को 40 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है. खास बात यह रही कि आरोपी ने रिश्वत की मांग पेड़ के पत्तों पर पेन से लिखी थी । जबकि, एएसआई को ट्रैप करने के लिए एसीबी टीम को साधु के रूप में जाना पड़ा था। दरअसल झामरी गांव में जमीन विवाद के चलते एसडीएम भुसावर ने जमीन को राज्य सरकार के अधीन लेने के लिए रिपोर्ट मांगी थी. इस दौरान एएसआई उदय सिंह ने परिवादी से जमीन विवाद में उसके पक्ष में रिपोर्ट तैयार करने के एवज में पहले 60,000 और बाद में समझौता होने पर 40,000 की राशि की मांग पेड़ के पत्तों पर लिखकर की। रिश्वत लेने की इस योजना की शिकायत पर एसीबी टीम ने साधु का वेश धारण कर एएसआई के पास जाकर 40,000 की राशि उसे सौंपने का जाल बिछाया. जैसे ही एएसआई ने राशि ली वह बाइक से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भागने लगा. एसीबी टीम ने 30 किलोमीटर तक पीछा कर उसे लुधाबई के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पकड़ लिया. वर्तमान में आरोपी से पूछताछ एसीबी रेंज कार्यालय में जारी है। 19 सितंबर को डीग उपखंड अधिकारी कार्यालय में 80,000 की रिश्वत लेते रीडर मुकेश कुमार और एसडीएम देवी सिंह को पकड़ा गया. वहीं 20 सितंबर को तहसील नदबई के तहसीलदार विनोद कुमार मीना को ₹80,000 लेते हुए गिरफ्तार किया गया. एसीबी ने सभी मामलों में आरोपियों से पूरी राशि बरामद कर पूछताछ शुरू कर दी है और भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई लगातार जारी है।

## पुलिस हिरासत में मौत, 27.50 लाख मुआवजे पर बनी सहमतिः

### डूंगरपुर में 5 पुलिसकर्मी निलंबित, मृतक के पिता को मिलेगी संविदा नौकरी





सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाने में पुलिस कस्टडी में चोरी के आरोपी दिलीप अहारी की तबीयत बिगड़ने के बाद से मचा बवाल चौथे दिन बुधवार देर शाम को शांत हुआ। पीड़ित ओर आदिवासी परिवार के साथ ही पुलिस प्रशासन के बीच 27.50 लाख के मुआवजा राशि पर सहमति बन गई। वहीं, मृतक दिलीप के पिता को टीएडी हॉस्टल में संविदा नौकरी की बात पर भी सहमति बन गई। एसपी की ओर से मामले में दोवड़ा थानाधिकारी तेजकरण सिंह, हेड कॉन्स्टेबल वल्लभराम पाटीदार समेत 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने के बाद रजामंदी हुई। लिखित सहमति के बाद तीसरे दिन देर शाम को पड़ाव को खत्म करने की घोषणा कर दी गई। वही कल गुरुवार को मृतक के गांव कलारिया में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वसी सीनियर स्कूल में चोरी केस में दोवड़ा थाना पुलिस की ओर से 26 सितम्बर को आरोपी दिलीप अहारी को डिटेन कर थाने लेकर आए थे। पुलिस पूछताछ के दौरान दिलीप की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसे डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद से ही पीड़ित परिवार के साथ आदिवासी परिवार, बीएपी की ओर से पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए बवाल मचा हुआ था। 28 सितंबर को दोवड़ा थाने के सामने धरने के बाद शाम को कलेक्ट्री पर धरना शुरू हुआ। पीड़ित परिवार के साथ आदिवासी समाज के लोग ओर बीएपी से आसपुर विधायक उमेश मीणा की ओर से पड़ाव डाला। वही, 30 सितंबर को दिलीप की उदयपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे आक्रोशित लोगों ने कलेक्ट्री के सामने ही जाम लगाकर आरोपी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग करने लगे। इसके अलावा 1 करोड़ का मुआवजा, परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी समेत 15 सूत्री मांगे रखी। मंगलवार को टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, एसपी मनीष कुमार के साथ कई दौर की बातचीत चली। बीएपी सांसद राजकुमार रोत भी वार्ता में शामिल रहे, लेकिन बुधवार रात व तड़के 4 बजे तक मुआवजा राशि पर कोई समझौता नहीं हों सका। कल चौथे दिन सुबह 10 बजे के बाद से फिर से प्रशासन के साथ वार्ता का दौर शुरू हुआ। आसपुर से विधायक उमेश मीणा 10 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल को लेकर एडीएम दिनेशचंद्र धाकड़, एएसपी अशोक कुमार से वार्ता के लिए कलेक्ट्री के अंदर गए। कई दौर की वार्ता के बाद 27 लाख 50 हजार रुपए का आर्थिक मुआवजा देने पर सहमति बन गई। वहीं, मृतक दिलीप के पिता जीवराज अहारी को टीएडी हॉस्टल में संविदा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी पर भी सहमति हुई। बांसवाड़ा के बागीदौरा से विधायक जय कृष्ण पटेल भी वार्ता में पहुंचे। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि दोवड़ा थाने के थानाधिकारी तेजकरण सिंह, हेड कॉन्स्टेबल वल्लभराम पाटीदार, कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार भगोरा, पुष्पेंद्र ओर माधव को दोपहर के समय सस्पेंड के आदेश कर दिए थे। दिलीप का शव उदयपुर अस्पताल के मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। मांगो पर सहमति के बाद मृतक के माता पिता के साथ परिवार ओर समाज के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल उदयपुर अस्पताल के लिए रवाना हो गया। जहां मृतक के पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गुरुवार को कलारिया गांव में शव के अंतिम संस्कार किया जाएगा

## शारदीय नवरात्रि नवमी पर नवचंडी हवन

### आज वाडी विसर्जन व काल भैरव हवन



हवन में भाग लेते यजमान

सीमलवाड़ा/ संवाददाता सागवाड़ा लाईव न्यूज़ गुणवंत कलाल। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को नवमी के दिन कल्याण धाम बांसिया सहित आसपास के मंदिरों में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्तों ने नवचंडी हवन, महाआरती और महा प्रसादी के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। कल्याण धाम बांसिया में गादीपति अर्जुन सिंह, शास्त्री नवीन श्री गौड़ एवं रमेश श्री गौड़ के सानिध्य में श्रीफल हवन किया गया। इस दौरान मुख्य सेवक मोतीलाल कलाल, गुणवंत कलाल, जीवतराम रावल, दिनेश कलाल, सुमेर सिंह चौहान, करण सिंह, वरसिंग आमलिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ लिया।धाम परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोक देवता कल्लाजी राठौड़, गातरोड चौहान, माता नागेश्वरी, सती कृष्णा देवी, हनुमान और काल भैरव की मूर्तियों का विशेष श्रृंगार कर खड़क पूजन व गादी पूजन किया गया। दिनभर भजन-कीर्तन और देवी गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा ।कार्यक्रम में शंभुलाल कलाल, धर्मेंद्र पंचाल, पीयूष बंजारा, राजेंद्र डामोर, प्रियांशु कलाल, मोंटू बंजारा, प्रकाश रावल, प्रहलाद सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं श्री 1008 कल्लाजी राठौड़ मंदिर में भी गादीपति हरिश्चंद्र सिंह चुंडावत और नारायण सिंह चुंडावत के सानिध्य में नवचंडी हवन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह, लोकेन्द्र सिंह, कांतिलाल, कुंदन सिंह, मोहन सिंह, रविराज सिंह, देवराज सिंह, अजीत सिंह सहित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दुसरी ओर दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर राज भोई समाज सीमलवाड़ा द्वारा स्थापित अंबा माता मंदिर भोई वाड़ा में बुधवार को धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। मंदिर परिसर में नवचंडी नारियल होम, पूजा-पाठ और शाम को रास-गरबा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। पंडित मयंक शास्त्री और सेवक रामदास वैष्णव के मंत्रोच्चार से मुख्य यजमान तुलसी देवी, सुरेशचंद्र मांगीलाल भोई, शकुंतला देवी, वैभव कुमार, राज भोई, मीनाक्षी देवी, विश्वास कुमार और देवाशी निहाल परिवार की ओर से माता अम्बे का नवचंडी हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिलीप कुमार, बनवारीलाल, विजय कुमार, जगदीश कुमार, कमलेश कुमार, रजनीकांत, प्रीतम, रोशन, कुलदीप, नीलय, धर्मेंद्र, पन्नालाल, विनोद सहित परिवार के सदस्यों ने आहुतियां अर्पित कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भोई समाज के नवयुवक मंडल द्वारा मंदिर चौक और पंडाल का विशेष श्रृंगार किया गया। फूलों, झालरों और रोशनी से सजे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। दुर्गा अष्टमी की रात सर्व समाज के लोगों ने गरबा नृत्य में भाग लिया। गुजराती गरबा की धुनों और माताजी के भजनों पर भक्तजन थिरकते रहे। युवक-युवतियों, महिलाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से वातावरण उल्लासमय हो गया। इस अवसर पर कन्हैयालाल, निकुंज, हर्षित, सुमित, कौशिक, विशाल, अर्पित, सिद्धार्थ, विनोद कुमार, मोहित, भगवानलाल, कुलदीप, धनपाल, संजय, नरेन्द्र कुमार, राजवीर, गौरव, कौशल, बालकृष्ण, जयेश, ध्रुव, दिग्विजय, निलेश, राजेंद्र, अमन, सुनील, निखिल, युवराज, रौनक, ओम, हिमांशु, आर्यन, आयुष, साहिल, दशरथ लाल, जितेंद्र, राजू भाई पंचाल, वीरेंद्र सिंह चौहान, निक शर्मा, राकेश वाणद, कनुभाई, गंभीर सिंह, प्रकाश दर्जी, जिगर, अहम दर्जी, कल्पेश कुमार सहित सहित बड़ी संख्या में समाजजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे। सीमलवाड़ा कस्बे ने स्थित कल्याण धाम में मुख्य यजमान नरेश भाई कलाल, प्रकाश भाई कलाल, लाला भाई सुथार ,शंकर भाई दर्जी, रुद्राक्ष कलाल, आचार्य नरेश पीठ, आयुष सेवक, विनोद प्रजापत, रमेश दर्जी ,मुकेश कलाल,ललित कुमार के सानिध्य में नवमी का हवन किया गया। पूर्व गादीपति स्वर्गीय महंत राजेश कलाल की गादी का पूजन किया गया। महा आरती और प्रसादी का भी आयोजन हुआ।




कोर्ट के पास, गोल चौराह, सागवाड़ा | Call: 02966- 252888, 946 225 2888


### रावण कितना भी बड़ा हो...

## आखिर उसको जलना ही होगा: कोटा में आज रावण का 215 फीट का पुतला दहन होगा, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ मिट्टी में हल्की-हल्की नमी है। हवा बारूदी गंध से भरी हुई। एक दिन पहले अच्छी बारिश हुई है, लेकिन देश का सबसे ऊंचा 215 फीट का रावण सीना ताने खड़ा है। न फटा, न ढांचा गिरा। दूर तक देखूं तो इस रावण के सामने सबकुछ बौना ही है। मानो त्रेतायुग का रावण अब भी 'दंभ' के साथ अड़ा हो। प्रदेश के कई शहरों में बारिश से रावण ढह गए, लेकिन कोटा में 9 टन लोहे की फ्रेम पर वॉटरप्रूफ ग्लास फाइबर और कपड़े से बना पुतला बेअसर रहा। गुरुवार इंतजार है, जब दंभ अग्नि को सौंपा जाएगा। यह सिर्फ पुतला दहन नहीं, 132 साल पुरानी उस परंपरा की पुनरावृत्ति है, जिसने कोटा को मैसूर और कुल्लू के साथ प्रमुख दशहरा आयोजनों की कतार में खड़ा किया। अबकी पहली बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस मेले के साक्षी बनेंगे।

## आसपुर विधानसभा कांग्रेस पदाधिकारियों ने मनाया प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा का जन्मदिवस



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ आसपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेत्रहीन विद्यालय फलोज में बालक-बालिकाओं को सामग्री वितरण कर डोटासरा जी का जन्मदिन समाजसेवा के रूप में मनाया। कार्यक्रम का आयोजन आसपुर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र खोडनिया के सानिध्य में हुआ। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह खरोडीया, पूर्व सेवादल जिला अध्यक्ष गौतमलाल पडंया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रतनलाल पाटीदार, सुभाष उपाध्याय, पूर्व जि.प.स. गौरव यादव, तकतसिंह डाबी, मंडल अध्यक्ष रामगढ़ कन्हैयालाल, मुकेश सरपंच खलील, भंवर भाई रेबारी, डायालाल खटीक, दीपक रेबारी, शैलेष भाई, नवीन भाई, मुकेश कलाल, दीपक जैन, नयन पाटीदार, कमजी भाई ननोमा, रुपा भाई भगोरा, सोहनलाल धताणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।समाजसेवा और जनहित कार्यों से जुड़े इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## विश्व वृद्धजन दिवस पर माय भारत एवं समुत्कर्ष सेवा संस्थान का सेवा आयोजन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर माय भारत एवं समुत्कर्ष सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला अस्पताल डूंगरपुर में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्धजनों को फल वितरण किया गया और माय भारत के वॉलंटियर्स ने 3 यूनिट रक्तदान भी किया।माय भारत के वॉलंटियर दिलीप गरासिया ने बताया कि वृद्धजनों की सेवा करना समाज का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर भारत सरकार के खेल मंत्रालय के तहत संचालित माय भारत के जिला युवा अधिकारी शुभम पुरबिया के निर्देशन में सेवा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि "वृद्धजनों की मुस्कान ही सबसे बड़ा पुरस्कार है।आयोजन में समुत्कर्ष सेवा संस्थान का विशेष योगदान रहा। संस्थान के सदस्यों ने वृद्धजनों को फल वितरण के साथ सहयोग का संदेश दिया।कार्यक्रम में नारायण कटारा, अशोक, सचिन, गोविन्द, प्रेम प्रताप, दिलीप गरासिया, सुरेश सहित रॉयल ग्रुप सेवा संस्थान के साथी मोहन कोटेड, हेमेंद्र डामोर, राजेंद्र परमार, शेखर डूंगरपुर, गौरव रोत, दीपेश सोमपुरा, विष्णु कटारा, भूपेंद्र पारगी, अनिल यादव,अशोक, तुलसीराम, पुष्पराज, राकेश आदि उपस्थित रहे।